Website : www.highwaychannel.in

छत्तीसगढ़ का सर्वाधिक प्रसारित शाम का अखबार

हाईवे चैनल

वर्ष- 29 अंक- 38 रायपुर, रविवार 1 मार्च 2026 पृष्ठ-8 मूल्य- 2.50 रुपया • रायपुर • जगदलपुर से प्रकाशित RNI रजिस्ट्रेशन नं. 68139/98

गरियाबंद की जंगल में नक्सली डम्प ध्वस्त

जमीन अंदर से 46 लाख कैश बरामद

गरियाबंद, 1 मार्च (हाईवे चैनल)। जिले में नक्सल विरोधी अभियान में पुलिस और सुरक्षा बलों को बड़ी सफलता मिली है। थाना मैनपुर अंतर्गत ग्राम बडेगोबरा के सांपसाटी जंगल/पहाड़ी क्षेत्र में माओवादियों द्वारा छिपाकर रखे गए डम्प से 46 लाख 31 हजार 500 रुपए नकद, हथियार, गोला-बारूद, इलेक्ट्रॉनिक सामग्री और अन्य नक्सली सामग्री बरामद की गई है। यह कार्रवाई आत्मसमर्पित माओवादियों से मिली सूचना पर आधारित थी। जिला पुलिस गरियाबंद की ई-30 ऑप्स टीम और डीआरजी धमतरी की संयुक्त टीम ने 28 फरवरी 2026 को विशेष अभियान चलाया। शासन की पुनर्वास नीति से प्रभावित होकर आत्मसमर्पित करने वाले माओवादियों से गहन पूछताछ के दौरान धमतरी-गरियाबंद-नुआपाड़ा डिवीजन के शीर्ष लीडरों द्वारा इस क्षेत्र में डम्प छिपाने की जानकारी मिली। सूचना की पुष्टि के बाद टीम को मुख्यालय से रवाना किया गया।

सघन सर्च ऑपरेशन में पहाड़ी क्षेत्र के विभिन्न स्थानों से अलग-अलग डम्प से सामग्री बरामद हुई ।बरामद सामग्री में 46,31,500 रुपए नकद, 1 भरमार बंदूक, 33 भरमार राउंड, 01 सुरका रायफल, 32 बीजीएल सेल, 1 लैपटॉप, 2 मोबाइल, 10 इंसास राउंड, 11 एसएलआर राउंड, 45 एके-47 राउंड, 41 .303 हथियार राउंड, 23 सिंगल शॉट राउंड, 26 12 बोर राउंड, 13 इलेक्ट्रॉनिक डेटोनेटर, 10 नॉन-इलेक्ट्रॉनिक डेटोनेटर और भारी मात्रा में नक्सली साहित्य और अन्य सामग्री शामिल है। पुलिस के अनुसार, विगत दो वर्षों से गरियाबंद में चलाए जा रहे नक्सल उन्मूलन अभियान और पुनर्वास योजना के प्रचार-प्रसार से जनवरी 2026 तक धमतरी-गरियाबंद-नुआपाड़ा डिवीजन के अधिकांश सूचीबद्ध माओवादी या तो समाप्त हो चुके हैं या आत्मसमर्पण कर चुके हैं। इस डम्प की बरामदगी से भविष्य में संभावित माओवादी हमलों और हिंसक घटनाओं को रोकने में महत्वपूर्ण सफलता मिली है। क्षेत्र में नक्सली नेटवर्क को गहरा झटका लगा है। यह कार्रवाई केंद्र सरकार के 31 मार्च 2026 तक वामपंथी उग्रवाद उन्मूलन के लक्ष्य के अनुरूप है। गरियाबंद पुलिस ने कहा कि आत्मसमर्पण करने वाले नक्सलियों को मुख्यधारा में लाने की नीति प्रभावी साबित हो रही है, जिससे सूचनाएं मिल रही हैं और छिपे ठिकानों का पता लग रहा है। अधिकारी ने बताया कि बरामद नकद और हथियारों की आगे जांच की जा रही है ताकि नक्सली फंडिंग और सप्लाई चेन का खुलासा हो सके।

अयातुल्ला खामेनेई की मौत से दुनिया सन्न

पाकिस्तान में खून-खराबाः भीड़ ने फूंका अमेरिकी दूतावास, फायरिंग में 8 की मौत

नई दिल्ली, 1 मार्च (न्यूज चैनल)। मध्य पूर्व से इस वक्त की सबसे बड़ी और दिल दहला देने वाली खबर सामने आ रही है। ईरान के सर्वोच्च नेता अयातुल्ला अली खामेनेई अब इस दुनिया में नहीं रहे। उनके निधन की पुष्टि होते ही ना केवल ईरान, बल्कि पूरे इस्लामिक जगत में मातम छा गया है। यह घटना महज एक राजनीतिक क्षति नहीं, बल्कि एक बड़ी मानवीय त्रासदी बन गई है, क्योंकि हमले में खामेनेई के साथ उनकी बेटी, दामाद और पोती की भी मौत की पुष्टि हो चुकी है।

40 दिनों का राष्ट्रीय शोक और हाई अलर्ट

ईरानी कैबिनेट ने इस अपूरणीय क्षति पर दुख जताते हुए पूरे देश में 7 दिनों के सार्वजनिक अवकाश और 40 दिनों के राष्ट्रीय शोक की घोषणा की है। ईरान के हर शहर और गली से मातम की तस्वीरें सामने आ रही हैं। वहीं, सुरक्षा के मद्देनजर तेहरान की सड़कों पर भारी पुलिस और सेना बल तैनात कर दिया गया है।

इधर ईरान के सर्वोच्च नेता अयातोल्लाह अली खामेनई की संयुक्त अमेरिकी-इजरायली हवाई हमले में मौत के बाद पाकिस्तान में बवाल मच गया । कराची शहर में स्थित अमेरिकी वाणिज्य दूतावास पर सैकड़ों प्रदर्शनकारियों ने धावा बोल दिया और तोड़फोड़ के बाद उसे आग लगा दी। पुलिस और अर्धसैनिक बलों ने भीड़ को तितर-बितर करने के लिए लाठीचार्ज और आंसू गैस का इस्तेमाल किया। पुलिस अधिकारी मोहम्मद जवाद के अनुसार, झड़पों के दौरान कम से कम 8 लोगों की मौत हुई और कई घायल हुए। हालात कई घंटों तक तनावपूर्ण बने रहे। ईरान सरकार ने खामनेई की मौत की पुष्टि करते हुए 40 दिन के राष्ट्रीय शोक और 7 दिन की छुट्टी की घोषणा की। ईरान ने तुरंत जवाबी कार्रवाई करते हुए इजरायल और खाड़ी देशों में अमेरिकी ठिकानों पर मिसाइलें और ड्रोन दागे। इजरायली सेना के अनुसार, दर्जनों मिसाइलें दागी गईं, जिनमें से कई को रोक लिया गया।

ईरान ने 3 मार्च के लिए बंद किया एयरस्पेस, इजरायल ने 24 घंटों में दागी 1200 मिसाइलें

तेहरान पर हमले के बाद इजरायल-ईरान में जंग के हालात पैदा हो गए हैं. सेंट्रल तेहरान के यूनिवर्सिटी स्ट्रीट और जोमहूरी इलाके में कई मिसाइलें गिरी हैं. सरकारी मीडिया ने तेहरान में कम से कम 3 विस्फोटों की आवाजें सुने जाने की पुष्टि की है. इसी बीच ईरान ने अपना एयरस्पेस बंद कर दिया है. देशभर में मोबाइल फोन सेवाएं बंद कर दी गईं हैं. इजरायली हमले के बाद दक्षिणी तेहरान के इलाके से धुआं उठता देखा गया है. ईरान पर हमले के बाद इजरायल में हालात तनावपूर्ण हो गए हैं. इजरायल डिफेंस फोर्स ने बताया कि पूरे देश में सायरन बजाए गए हैं. इसके अलावा मोबाइल पर एडवांस अलर्ट भेजकर लोगों को सुरक्षित स्थानों के पास रहने को कहा गया है.

ब्रेकिंग न्यूज

इस्राइल-ईरान जंग के चलते देशभर में कई उड़ानें रद्द, हवाईअड्डों पर परेशान हो रहे यात्री

नई दिल्ली, 1 मार्च (न्यूज चैनल)। इस्राइल और ईरान के बीच जारी जंग के चलते देशभर के हवाईअड्डों पर यात्रियों को भारी परेशानी का सामना करना पड़ रहा है। कई अंतरराष्ट्रीय उड़ानें रद्द कर दी गई हैं, खासकर खाड़ी देशों के लिए। पंजाब के अमृतसर हवाईअड्डे से जुड़ी तस्वीरों में यात्रियों की भीड़ और उनकी असुविधा दिखाई दे रही है। एक यात्री ने कहा मैं मिलान जा रहा था, लेकिन मेरी फ्लाइट जंग के कारण रद्द कर दी गई है।

घर की परछी में बना रही थी कच्ची शराब, महिला आरोपी गिरफ्तार

बिलासपुर, 1 मार्च (हाईवे चैनल)। पुलिस ने ग्राम घुटकू में दबिश देकर एक महिला को घर की परछी में अवैध रूप से महुआ शराब बनाते गिरफ्तार किया है। आरोपी महिला के कब्जे से भारी मात्रा में कच्ची शराब और निर्माण सामग्री जब्त की गई है। कोनी पुलिस को सूचना मिली कि स्टेशन पारा, घुटकू निवासी केशर लोनिया (32) अपने घर की परछी में हाथ भट्ठी के जरिए कच्ची महुआ शराब बना रही है। कोनी पुलिस ने टीम गठित कर गवाहों के साथ घेराबंदी की। छापे के दौरान पुलिस को मौके से 15-15 लीटर के दो प्लास्टिक डिब्बों में कच्ची शराब और शराब बनाने की दो एल्युमीनियम डेचकी मिली। जब्त शराब और सामान की कुल कीमत करीब 3 हजार रुपए है। पुलिस ने महिला के खिलाफ आबकारी एक्ट की धारा 34(2) के तहत अपराध दर्ज करने के बाद रिमांड पर जेल भेजा है।

जम्मू-कश्मीर में भूकंप के झटके, डोडा में 4.2 तीव्रता से कांपी धरती

नई दिल्ली, 1 मार्च (न्यूज चैनल)। रविवार, 1 मार्च 2026 की तड़के सुबह जम्मू-कश्मीर का डोडा ज़िला भूकंप के झटकों से दहल गया। रिक्टर स्केल पर 4.2 मैग्नीट्यूड की तीव्रता वाले इस भूकंप ने पहाड़ी इलाके के निवासियों में दहशत पैदा कर दी, हालांकि राहत की बात यह रही कि अब तक किसी जान-माल के नुकसान की सूचना नहीं मिली है। जैसे ही सुबह हुई, परेशान लोकल लोग हालात का अंदाज़ा लगाने के लिए अपने घरों से बाहर निकले, उन्हें हिमालय की ठंडी हवा के बीच अपने पहाड़ी गांवों को सही-सलामत पाकर राहत मिली। मौसम विभाग ने भूकंप की शुरुआत के लिए सटीक कोऑर्डिनेट्स दिए- लैटीट्यूड 33.08 डिग्री नॉर्थ और लॉन्गिट्यूड 76.17 डिग्री ईस्ट, जिसका एपिसेंटर धरती की सतह से सिर्फ़ पाँच किलोमीटर नीचे था। इस कम गहराई ने सेंसिटिव डोडा घाटी में झटकों को और बढ़ा दिया, जो मॉनसून के दौरान लैंडस्लाइड के लिए जाने जाने वाले अपने नाज़ुक इलाके के लिए जानी जाती है।

जेल से बाहर आएंगी सौम्या चौरसिया, हाई कोर्ट ने दी बेल

बिलासपुर, 1 मार्च (हाईवे चैनल)। छत्तीसगढ़ के चर्चित 3200 करोड़ रुपये के शराब घोटाला मामले में आरोपी सौम्या चौरसिया को बड़ी राहत मिली है। हाई कोर्ट ने उन्हें सशर्त जमानत प्रदान कर दी है। सुप्रीम कोर्ट के कड़े निर्देशों के बाद हाई कोर्ट ने इस मामले में त्वरित सुनवाई करते हुए सोमवार को अपना फैसला सुरक्षित रखा था, जिसे आज सार्वजनिक किया गया।

3200 करोड़ के घोटाले में थीं आरोपी

जानकारी के अनुसार, सौम्या चौरसिया की जमानत याचिका पर सुप्रीम कोर्ट ने हस्तक्षेप किया था। शीर्ष अदालत ने हाई कोर्ट को निर्देश दिए थे कि इस मामले की सुनवाई दो सप्ताह के भीतर पूरी की जाए। इसी समयसीमा का पालन करते हुए हाई कोर्ट ने दोनों पक्षों की विस्तृत दलीलें सुनीं और अपना फैसला सुनाया। सुनवाई के दौरान सौम्या चौरसिया के वकीलों ने तर्क दिया कि, इस मामले में शामिल अन्य सह-आरोपियों को पहले ही जमानत मिल चुकी है। 'समानता के सिद्धांत' के आधार पर सौम्या चौरसिया भी राहत की हकदार हैं। गिरफ्तारी और ईडी की कार्रवाई की प्रक्रिया को भी चुनौती दी गई। अदालत ने इन तथ्यों को संज्ञान में लेते हुए उन्हें जमानत दे दी, हालांकि उन्हें कोर्ट द्वारा तय की गई कड़ी शर्तों का पालन करना होगा।

नागपुर के विस्फोटक कारखाने में धमाका; 15 की मौत, 18 घायल

नई दिल्ली, 1 मार्च (न्यूज चैनल)। महाराष्ट्र के नागपुर जिले में रविवार को भयानक हादसा हो गया। नागपुर जिले के कटोल तहसील में एक विस्फोटक कारखाने में हुए धमाके में कम से कम 15 लोगों की मौत हो गई। वहीं कई लोग गंभीर रूप से घायल है। पुलिस ने बताया कि विस्फोटक कारखाने में हुए विस्फोट में 15 लोग मारे गए हैं। जानकारी के मुताबिक कि यह विस्फोट कटोल तहसील के राउलगांव में खनन और औद्योगिक विस्फोटक बनाने वाली कंपनी एसबीएल एनर्जी लिमिटेड के कारखाने में हुआ। न्यूज एजेंसी पीटीआई ने एसबीएल एनर्जी लिमिटेड के प्रतिनिधियों के हवाले से बताया कि घटना कंपनी की डेटोनेटर पैकिंग यूनिट में सुबह 7 बजे से 7.15 बजे के बीच हुई।

पुलिस ने बताया कि विस्फोट के तुरंत बाद घायलों को नागपुर के एक अस्पताल में भर्ती कराया गया। नहीं हर्ष पोद्दार, एसपी, नागपुर ग्रामीण ने घटना की जानकारी देते हुए कहा कि एसबीएल एनर्जी लिमिटेड में हुए विस्फोट में 15 लोगों की मौत हो गई और 18 लोग गंभीर रूप से घायल हो गए हैं। वहीं कंपनी के एक अधिकारी ने बताया कि बचाव अभियान जारी है और वे जल्द ही एक बयान जारी करेंगे।

मानव तस्करी की फरार महिला आरोपी महाराष्ट्र से गिरफ्तार

अंबिकापुर, 1 मार्च (हाईवे चैनल)। थाना क्षेत्र में मानव तस्करी के मामले में फरार चल रही मुख्य आरोपी कलावती एक्का को पुलिस ने पूणे महाराष्ट्र से गिरफ्तार करने में सफलता पाई है। डीआईजी व एसएसपी राजेश अग्रवाल के निर्देश पर पुलिस ने यह कार्रवाई किया। पुलिस ने बताया कि पीड़िता के द्वारा शिकायत दर्ज कराई गई थी कि नौकरी का लालच देकर अल्का टोप्पो व कलावती एक्का के साथ फिरोजाबाद में ले जाकर उसका जबरन विवाह कराया गया था। इसके बाद पीड़िता को तीन लाख रूपए में बेचे जाने का भी खुलासा हुआ था। पीड़िता किसी तरह भोक कर लौटी तो मामला उजागर हुआ। पुलिस ने धारा 143(2), 87, (5), 64(2) के तहत कार्रवाई करते हुए पूर्व में आरोपी धनी कुजूर व अल्का टोप्पो को गिरफ्तार कर जेल भेजा गया था। पुलिस ने बताया कि महिला आरोपी कलावती एक्का पिता हाबिल एक्का निवासी लडुवा राजपुर फरार चल रही थी। उसे गिरफ्तार कर संगठित गिरोह होने के चलते धारा में 111(2) बीएनएस की धारा जोड़ते हुए उसे जेल भेजा गया। अन्य आरोपियों की तलाश की जा रही है।

झारखंड के देवघर में बनेगा ब्रह्मोस मिसाइल प्लांट, केंद्र सरकार ने दी सैद्धांतिक मंजूरी

नई दिल्ली, 1 मार्च (न्यूज चैनल)। झारखंड के देवघर में केंद्र सरकार ने ब्रह्मोस मिसाइल बनाने की यूनिट स्थापित करने की सैद्धांतिक मंजूरी दे दी है। इससे राज्य में रक्षा उत्पादन को नई गति मिलने की उम्मीद है। सांसद निशिकांत दुबे ने बताया कि उन्होंने 13 जनवरी को रक्षा मंत्री राजनाथ सिंह को पत्र लिखकर देवघर में ब्रह्मोस यूनिट स्थापित करने की मांग की थी। इसके बाद रक्षा मंत्रालय की ओर से सैद्धांतिक स्वीकृति मिल गई। देवघर के मोहनपुर प्रखंड के तिलौना क्षेत्र में करीब 300 एकड़ सरकारी जमीन पहले से चिन्हित है, जिसे लगभग आठ साल पहले आरक्षित किया गया था। विशेषज्ञों का कहना है कि ब्रह्मोस यूनिट बनने से देवघर पूर्वी भारत का प्रमुख रक्षा उत्पादन केंद्र बन सकता है। इससे राज्य में औद्योगिक निवेश बढ़ेगा और स्थानीय युवाओं के लिए तकनीकी प्रशिक्षण और रोजगार के अवसर पैदा होंगे।

होली स्पेशल ट्रेन की घोषणा

बिलासपुर, 1 मार्च (हाईवे चैनल)। होली पर दक्षिण पूर्व मध्य रेलवे के रायपुर रेल मंडल ने 2, 3, 5 और 6 मार्च को (4 मार्च को छोड़कर) दुर्ग-रायगढ़-दुर्ग के बीच होली मेमू पैसेंजर स्पेशल ट्रेन चलाने का निर्णय लिया है। ट्रेन नंबर 08834/08833 दुर्ग से सुबह 10:30 बजे रवाना होकर दोपहर 3:10 बजे बिलासपुर पहुंचेगी और शाम 6 :50 बजे रायगढ़ पहुंचेगी।

10 मिनट ठहराव के बाद शाम 7:00 बजे दुर्ग के लिए रवाना होकर रात 1:45 बजे दुर्ग पहुंचेगी। यह ट्रेन मार्ग के सभी निर्धारित स्टेशनों पर ठहरेगी।

इसी प्रकार भारतीय रेल द्वारा हटिया-एलटीटी-हटिया के मध्य होली स्पेशल ट्रेन चलाई जा रही है। ट्रेन नंबर 08609 हटिया-एलटीटी 2 व 9 मार्च (सोमवार) को हटिया से शाम 4:20 बजे रवाना होकर अगले दिन 1:15 बजे बिलासपुर पहुंचेगी और आगे चलकर बुधवार को 12:40 बजे एलटीटी पहुंचेगी। ट्रेन नंबर 08610 एलटीटी-हटिया 4 व 11 मार्च (बुधवार) को सुबह 5 बजे एलटीटी से रवाना होकर अगले दिन 7:45 बजे बिलासपुर पहुंचेगी तथा शाम 6 बजे हटिया पहुंचेगी। इन स्पेशल ट्रेनों में कुल 22 कोच लगाए गए हैं, जिनमें एसएलआरडी, जनरल, स्लीपर, एसी-III, एसी-ङ्कङ्क इकोनॉमी, एसी-ङ्क तथा जनरेटर कार शामिल हैं। ट्रेनें राउरकेला, झारसुगुड़ा, बिलासपुर, रायपुर, दुर्ग, गोंदिया, नागपुर, भुसावल, नासिक रोड, कल्याण और ठाणे सहित निर्धारित स्टेशनों पर ठहरेंगी।

सस्ते के चक्कर में आनलाईन दवा मंगाकर खाना पड़ सकता है भारी

धमतरी, 1 मार्च (हाईवे चैनल)। बीते कुछ सालों में आनलाईन शॉपिंग का क्रेज तेजी से बढ़ा है। लोग आनलाईन एप के माध्यम से शापिंग करते है और एडवांस या कैश आन डिलवरी कर घर पहुंच सामान को लेते है। अन्य सामान्य उत्पादों तक आनलाईन शापिंग ठीक था लेकिन लोग दवाईयां भी आनलाईन एप के माध्यम से मंगा रहे है। यह प्रवृत्ति लोगों को भारी पड़ सकती है। बता दे कि मेडिकल स्टोर्स में दवाईयां तो मिल जाती है लेकिन जो डिस्काउंट आनलाईन शापिंग एप में दवाईयां खरीदी पर मिलती है वह मेडिकल स्टोर्स में नहीं मिल पाती यही कारण है लोग सस्ती दवा पाने के चक्कर में अब आनलाईन दवा खरीदी करने लगे है। लेकिन आनलाईन दवा की विश्वनीयता संदेह के दायरे में होता है इसके नकली होने अप्रभावी होने एक्सपायरी या पुरानी होने आदि का खतरा बना रहता है। ऐसा नहीं है कि सभी आनलाईन सप्लाई एप ऐसे है लेकिन इनमें कुछ एप ऐसे हो सकते है। इसलिए आनलाईन एप से दवा खरीदी और ज्यादा डिस्काउंट का चक्कर भारी पड़ सकता है। इसके अतिरिक्त लोग अब स्वयं को डाक्टर समझने लगे है आनलाईन दवा मंगाने के साथ ही यु ट्युब व अन्य सोशल मीडिया एप के माध्यम से बीमारी लक्षण और उपचार की जानकारी लेकर सुझाये गये दवा मंगाते है। यह बेहद घातक हो सकता है। डाक्टर हमेशा से बिना चिकित्सकीय जांच व सलाह के दवाईयां सेवन से बचने की सलाह देते रहे है। लेकिन लोग अपनी स्तर पर खोजबीन कर दवा मंगाकर सेवन कर रहे है। जिससे शरीर को गंभीर नुकसान हो सकता है। शहर के मेडिकल स्टोर्स संचालक भी आनलाईन दवा खरीददारी का विरोध करते है। साथ ही इससे संभावित नुकसान से लोगों को अवगत कराते है। पूर्व में दवा विक्रेता संघ द्वारा ई फार्मेसी और आनलाईन दवाओं के वितरण को लेकर राज्य व राष्ट्र स्तरीय विरोध किया जा चुका है।

- बिना डाक्टरी सलाह व पर्ची के आनलाईन मंगाई जा रही दवा, बिगाड़ सकती है सेहत
- आनलाईन दवा नकली, पुरानी और हो सकता है अप्रभावी

सख्त कानून और रोक की है आवश्यकता - मेडिकल स्टोर्स में कई दवाईयां बिना डाक्टरी पर्ची के नहीं बेची जा सकती है। लेकिन आनलाईन आसानी से उपलब्ध हो जाता है। ऐसे कई खतरों को देखते हुए आनलाईन दवा बिक्री के संबंध में विशिष्ठ कानून बनाने की मांग हो रही है। बता दे कि आनलाईन दवा बिक्री पर स्वास्थ्य विभाग का भी कोई नियंत्रण नहीं है। न ही विभाग के पास कोई आकड़े होते है। आनलाईन बिक्री की निगरानी भी स्वास्थ्य विभाग के पास नहीं होता इसलिए सख्त कानून आवश्यक हो गया है।